# Greenlawns School, Worli

प्रारंभिक परीक्षा (२०२४-२५)

हिंदी

कक्षा :- दसवी — पूर्णांक:- ८०

दिनांक :- १४ .०१.२५ — समय:- ३ घंटे

Maximum Marks: 80
Time allowed: Three hours.
Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.
You will not be allowed to write during the first 15 minutes.
This time is to be spent in reading the question paper.
The time given at the head of this question paper is the time allowed for writing answer.

---

**Section A** is compulsory - **All** questions in **Section A** must be answered.
Attempt **any four** questions from **Sections B,** answering at least **one** question each from the **two** books you have studied and **any two** questions from the same book you have studied.
The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ]

---

## SECTION A

(Attempt **all** questions from this **Section**.)

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately 250 words on any **one** of the following topics:

प्र.१ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग २५० शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए-(१५)

१. कृत्रिम बुद्धिमत्ता**(Artificial Intelligence)** ने मशीनों को काबिल बनाया है और हमारी जिंदगी को आसान बनाया है।इसके साथ हम एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। यह हमारे उज्जवल भविष्य को गढ़ने का आधार बन रही है। अत:कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लाभ व हानि का वर्णन करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

२. आपका विद्यालय, प्रतिवर्ष आपके लिए एक ऐतिहासिक भ्रमण का आयोजन करता है। इसकी उपयोगिता पर अपने विचार और यात्रा का अनुभव प्रस्ताव के रूप में लिखिए ।

३. प्रकृति माँ के समान हमारा पालन पोषण ही नहीं करती बल्कि एक कुशल शिक्षिका की तरह हमें जीवन की महत्त्वपूर्ण शिक्षा भी देती है। प्रकृति से मिलनेवाली कुछ सीखों का वर्णन करते हुए लिखिए कि किस प्रकार इन सीखों को अपनाकर हम अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं।

४. '.......... और उनका यह एहसान मैं जीवन भर न भूला सकूँगी/ सकूँगा ।'इस पंक्ति से अंत होनेवाली एक मौलिक कहानी लिखिए।

**P.T.O**

५. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, कहानी अथवा घटना लिखिए , जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए ।



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** of approximately 120 words on any **one** of the following topics :

प्र.२ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए :- (७)

भारतीय संस्कृति और सभ्यता विश्व में अपना अद्वितीय स्थान रखती है।ऐसा आपको तब ज्ञात हुआ जब आप विदेश यात्रा पर गए। इस विषय से संबंधित जानकारी देते हुए तथा अपने अनुभव को बताते हुए अपने बड़े भाई को पत्र लिखिए।

अथवा

मुंबई शहर में मेट्रो का कार्य बहुत तेज गति से हो रहा है। इसके साथ-साथ नई सड़कों का भी जाल बिछाया जा रहा है परंतु आप उससे होने वाले नुकसान से बहुत चिंतित है। अपनी चिंता का कारण व्यक्त करते हुए सरकार का ध्यान इसके दुष्परिणामों की ओर आकर्षित करने हेतु और लोगों को इनके नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**Question 3**

Read the passage given below and answer in Hindi the question that follow, using your own words as far as possible.

प्र. ३ निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए।उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।

एक राजा का दरबार लगा हुआ था। सर्दियों के दिन थे इसीलिए राजा का दरबार खुले में धूप में लगा था। पूरी आम सभा सुबह की धूप में बैठी थी। महाराज ने सिंहासन के सामने एक मेज रखवाई थी। पंडित लोग, दीवान आदि सभी दरबार में बैठे थे। राजा के परिवार के सदस्य भी बैठे थे।उसी समय एक व्यक्ति आया और राजा से दरबार में मिलने की आज्ञा माँगी। प्रवेश मिल गया तो उसने कहा, "मेरे पास दो वस्तुएँ हैं बिल्कुल एक जैसी लेकिन एक नकली है और एक असली। मैं हर राज्य के राजा के पास जाता हूँ और उन्हें परखने का आग्रह करता हूँ लेकिन कोई परख नहीं पाता, सब हार जाते हैं और मैं विजेता बनकर घूम रहा हूँ। अब आपके नगर में आया हूँ।"

राजा ने उसे दोनों वस्तुओं को पेश करने का आदेश दिया तो उसने दोनों वस्तुएँ मेज पर रख दीं। बिल्कुल समान आकार, समान रुप-रंग, समान प्रकाश सब कुछ समान। राजा ने कहा, "ये दोनों वस्तुएँ एक हैं।" तो उस व्यक्ति ने कहा, "हाँ दिखाई तो एक-सी देती हैं लेकिन हैं भिन्न। इनमें से एक है बहुत कीमती हीरा और एक है काँच का टुकड़ा, लेकिन रूप-रंग सब एक है। कोई आज तक परख नहीं पाया कि कौन-सा हीरा है और कौन-सा काँच? कोई परख कर बताये कि ये हीरा है या काँच तो मैं हार जाऊँगा और यह कीमती हीरा आपके राज्य की तिजोरी में जमा करवा दूँगा। यदि कोई न पहचान पाया तो इस हीरे की जो कीमत है उतनी धनराशि आपको मुझे देनी होगी। इसी प्रकार मैं कई राज्यों से जीतता आया हूँ।" राजा ने कई बार उन दोनों वस्तुओं को गौर से देखकर परखने की कोशिश की और अंत में हार मानते हुए कहा, "मैं तो नहीं परख सकूँगा।" दीवान बोले, "हम भी हिम्मत नहीं कर सकते, क्योंकि दोनों बिल्कुल समान हैं।"

सब हारे, कोई हिम्मत नहीं जुटा पाया। आखिरकार एक अंधा आदमी हाथ में लाठी लेकर उठा। उसने कहा, "मुझे महाराज के पास ले चलो, मैंने सब बातें सुनी हैं और यह भी सुना कि कोई परख नहीं पा रहा है। एक अवसर मुझे भी दो।" एक आदमी के सहारे वह राजा के पास पहुँचा। उसने राजा से प्रार्थना की, "मैं तो जन्म से अंधा हूँ फिर भी मुझे एक अवसर दिया जाये जिससे मैं भी एक बार अपनी बुद्धि को परखूँ और हो सकता है कि सफल भी हो जाऊँ और यदि सफल न भी हुआ तो वैसे भी आप तो हारे ही हैं।"

राजा को लगा कि इसे अवसर देने में कोई हर्ज नहीं है और राजा ने उसे अनुमति दे दी। उस अंधे आदमी ने एक मिनट में कह दिया कि यह हीरा है और यह काँच। जो आदमी इतने राज्यों को जीतकर आया था वह नतमस्तक हो गया और बोला, "आपने पहचान लिया। आप धन्य हैं। अपने वचन के मुताबिक यह हीरा

**P.T.O**

मैं आपके राज्य की तिजोरी में दे रहा हूँ।" सब बहुत खुश हो गये और उस अंधे व्यक्ति से एक ही जिज्ञासा जताई कि तुमने यह कैसे पहचाना कि यह हीरा है और वह काँच ? उस अंधे ने कहा, "सीधी-सी बात है। धूप में हम सब बैठे हैं। मैंने दोनों को छुआ। जो ठंडा रहा वह हीरा, जो गरम हो गया वह काँच।"

यही बात हमारे जीवन में भी लागू होती है। जो व्यक्ति बात- बात में अपना आपा खो देता है, गरम हो जाता है और छोटी से छोटी समस्याओं में उलझ जाता है, वह काँच जैसा है और जो विपरीत परिस्थितियों में भी सुदृढ़ रहता है और बुद्धि से काम लेता है,वही सच्चा हीरा है।

प्रश्न : -

१. राजा का दरबार कहाँ लगा हुआ था और क्यों?उनके दरबार का वर्णन कीजिए । (२)

२. जो व्यक्ति राजा से मिलने आया था,उसके पास कितनी व कैसी वस्तुएँ थी? वह विजेता किस प्रकार बनता था ? (२)

३. वे वस्तुएँ क्या थी ? उनकी पहचान के संबंध में व्यक्ति ने कौन - सी शर्त रखी ? (२)

४. वस्तुओं की परख किसने की ? उसने उन वस्तुओं की परख के संबंध में क्या कहा ? (२)

५. इस गद्यांश से क्या शिक्षा मिलती है? (२)

## Question 4

Answer the following according to the instructions given :

प्र. ४ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :- (८)

(i) 'चतुर' का पर्यायवाची शब्द बताइए :-

a) प्रवीन- चालक

b) प्रवीण - चालाक

c) शिक्षित - गुणी

d) चालाकी- प्रवीणता

(ii) 'परिवार' का विशेषण शब्द बताइए:-

a) पारिवारिक

b) पारीवारिक

c) परिवरिक

d) पारिवारीक

(iii) 'पंडित' की भाववाचक संज्ञा चुनिए -

a) पंडिताइन

b) पीड़ित्य

c) पांडित्य

d) पंडितों

(iv) 'आग्रह ' का विलोम शब्द चुनिए -

a) दूराग्रह

b) दुआग्रह

c) दुराग्रही

d) दुराग्रह

(v) ' कमर टूटना ' मुहावरे का अर्थ बताइए :-

a) कमर की हड्डी टूटना

b) कमर में दर्द होना

c) बहुत निराश होना

d) युद्ध के लिए तैयार होना

(vi) ' अनुकुल ' शब्द का शुद्ध रूप बताइए :-

a) अनूकूल

b) अनुकूल

c) आनुकुल

d) अनूकुल

(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए ।

. कई बार देश की रक्षा से जुड़े फैसलों को गुप्त रखा जाना आवश्यक होता है।

(रेखांकित वाक्यांश हेतु उपयुक्त शब्द का प्रयोग किस विकल्प में हुआ है।)

a) कई बार देश की रक्षा से जुड़े फैसले रहस्यमयी होते हैं।

b) कई बार देश की रक्षा से जुड़े फैसले गुप्तचर होते हैं।

c) कई बार देश की रक्षा से जुड़े फैसले अल्पचर्चित होते हैं।

d) कई बार देश की रक्षा से जुड़े फैसले गोपनीय होते हैं।

**P.T.O**

(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए ।

भारत ने नया उपग्रह छोड़ा। (‘द्वारा’ का प्रयोग कीजिए।)

a) भारत द्वारा उपग्रह छोड़ा है।

b) भारत द्वारा नया उपग्रह छोड़ा गया।

c) भारत द्वारा नया उपग्रह छोड़ा जाएगा।

d) जो उपग्रह भेजा गया है, वह भारत द्वारा का ही है।

## Section B

( Attempt any Four questions from this Section.)

( You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions.)

### साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ

### (SAHITYA SAGAR – SHORT STORIES)

Question 5

Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:

प्र.५ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

“इसके टूट जाने का डर है।”

( काकी, लेखक- सियारामशरण गुप्त )

प्रश्न :-

१. वक्ता कौन है उसका परिचय दीजिए ? (२)

२. क्या टूट जाने का डर है और क्यों ? (२)

३. श्रोता का परिचय देते हुए वक्ता उसे क्या सुझाव देता है समझाकर लिखिए। (३)

४. श्रोता क्या कार्य कर रहा है ?उसकी मन: स्थिति कैसी है? (३)

Question 6

Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:

प्र.६ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

“चौराहे पर रुकना नहीं, आज बहुत काम है, पान आगे कहीं खा लेंगे।”

( नेताजी का चश्मा, लेखक –स्वयं प्रकाश)

प्रश्न -

१. प्रस्तुत कथन किसने – किससे व कब कहा ? (२)

२. चौराहे पर न रुकने का कारण समझाइए। (२)

३. चौराहा जिस कस्बे में है, उस कस्बे का वर्णन कीजिए । (३)

४. प्रस्तुत कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए। (३)

## Question 7

Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:

प्र.७ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"मुझे तो तेरे दिमाग के कन्फ्यूजन का प्रतीक नज़र आ रहा है, बिना मतलब ज़िंदगी ख़राब कर रही है। "

( दो कलाकार, **लेखिका**– मन्नू भंडारी )

प्रश्न –

१. उक्त कथन का वक्ता कौन है? उसने ऐसा कब कहा? (२)

२. चित्रा ने वक्ता को जो चित्र दिखाया था, वह उसकी समझ में क्यों नहीं आया? (२)

३. चित्रा ने उस चित्र का क्या शीर्षक रखा था? चित्रा को कब और कैसे ख्याति मिली? (३)

४. ' बिना मतलब ज़िंदगी ख़राब कर रही है।'वक्ता के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। (३)

## साहित्य सागर- पद्य भाग

## (SAHITYA SAGAR – POEMS)

## Question 8

Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:

प्र.८ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

काँकर पाथर जोरि कै, मसजिद लई बनाय।
ता चढ़ि मुल्ला बाँग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय ।।
गुरु गोबिंद' दोऊ खड़े काके लागू पायँ।
बलिहारी गुरु आपनो, जिन गोबिंद दियौ बताय ।।
जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाहि।
प्रेम गली अति साँकरी', तामे दो न समाहि ।।

(साखी, कवि- कबीरदासजी)

**P.T.O**

प्रश्न –

१. प्रेम गली की क्या विशेषता है ? स्पष्ट कीजिए। (२)

२. कवि किसके ऊपर न्योछावर हो जाना चाहते है और क्यों ? (२)

३. प्रथम दोहे के द्वारा कवि ने क्या संदेश दिया है ? विस्तारपूर्वक लिखिए। (३)

४. कवि परिचय दीजिए। (३)

## Question 9

Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:

प्र. ९ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

न्यायोचित सुख सुलभ नहीं
जब तक मानव-मानव को
चैन कहाँ धरती पर तब तक
शांति कहाँ इस भव को ?
जब तक मनुज-मनुज का यह
सुख भाग नहीं सम होगा
शमित न होगा कोलाहल
संघर्ष नहीं कम होगा।”

( स्वर्ग बना सकते हैं- कवि-रामधारी सिंह ‘दिनकर’ )

प्रश्न –

१. ‘भव’ शब्द का क्या अर्थ है ? कवि के अनुसार इस भव में शांति क्यों नहीं है ? (२)

२. शब्दों के अर्थ लिखिए-न्यायोचित, सम, सुलभ, कोलाहल।। (२)

३. ‘शमित न होगा कोलाहल संघर्ष नहीं कम होगा’ पंक्ति का भावार्थ विस्तारपूर्वक लिखिए। उपरोक्त पंक्तियाँ ‘दिनकर जी’ की किस प्रसिद्ध रचना से ली गई हैं ? (३)

४. कविता का केंद्रीय भाव लिखिए। (३)

## Question 10

Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:

प्र. १० निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

किन्तु यह हुआ अचानक ध्यान
दीन हूँ, छोटी हूँ, अज्ञान।
मातृ-मंदिर का दुर्गम मार्ग
तुम्हीं बतला दो हे भगवान ॥
मार्ग के बाधक पहरेदार
सुना है ऊँचे-से सोपान ।
फिसलते हैं ये दुर्बल पैर
चढ़ा दो मुझको हे भगवान ॥

( मातृ- मंदिर की ओर – कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान )

प्रश्न -

१. अचानक किसको, किस बात का ध्यान आया? स्पष्ट कीजिए । (२)

२. 'मार्ग के पहरेदार' से क्या तात्पर्य है? समझाकर लिखिए । (२)

३. 'मातृ मंदिर का दुर्गम मार्ग' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। कवयित्री वहाँ तक क्यों नहीं पहुँच पा रही हैं? उसने ईश्वर से क्या प्रार्थना की ? (३)

४. यह कविता किस समय की है तथा किस भावना से पूर्ण है? इस कविता के माध्यम से कवयित्री क्या संदेश देना चाहती हैं ? (३)

******************